बस यूं ही...

शांता पारेख, इन्दौर
9425311944

अमेरिकी चर्चित राष्ट्रपति

सर्वाधिक चर्चित राष्ट्रपति अमेरिका का के एक हैं ट्रम्प अपने रोज के बयान नोबल, विस्तार वाद सजा देना किसी को भी, दूसरे हैं बिल क्लिटोंन हैं जो मोनिका लेवेंसकी के सम्बन्धों प्रेम कारण विश्व भर में चर्चित हुये, बेटी चेल्सी सहित भारत आये थे, तीसरे जो पहले, अश्वेत राष्ट्रपति थे उनकी पत्नी फैशन आईकान थी.ट्रम्प की पत्नी का कोई रोल नजर नहीं आ रहा उनके बेटे जरूर सम्पति बढ़ाने में लगे हैं, उनका साम्राज्यवादी रवैया विश्व को दहशत में डाल रहा हैं, उनके देश में विरोध में रेलिया भी निकल रही हैं, ट्रम्प की पीड़ा यही हैं कि भारत उनके प्रभाव में नहीं आ रहा हैं. क्लिटोंन लेवेंसकी कांड भी घर घर चर्चा का विषय रहा, विश्व के सबसे शक्तिशाली देश के निकसन को महाभियोग लगा कर अपदस्थ किया तब भी वैश्विक चर्चा हुई.

चीन भी ताइवान होंगकोंग, अरुणाचल को अपना बताने की कोशिश में लगा रहता हैं. हरेक की अपनी समस्याएं ही अनेक होती उनका समाधान निकालने की बजाय दुसरो की सम्पति रेयर अर्थ पर गिद्ध दृष्टि रखना अत्यंत निदनीय हैं इससे वे अपने देश वासियो का ध्यान अपनी समस्याओ से भटकाने की राजनीति करते हैं विश्वशांति एक निहायत बेमानी शब्द होचुका हैं।

इंदौर में 600 किलोग्राम अमानक खाद्य सामग्री जप्त

इंदौर। इंदौर जिले में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर खाद्य विभाग द्वारा अभियान चलाकर खाद्य पदार्थों में मिलावट करने, अवैध तथा अस्वच्छ वातावरण में खाद्य सामग्री बनाये जाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा छोटा बांगड़दा क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा विभाग के अमले यह कार्रवाई मुस्कान डेयरी, नमकीन एवं स्वीट्स प्रतिष्ठान पर की।

इस दौरान प्रतिष्ठान में पनीर, घी में उपयोग होने वाली सामग्रियों में गंदगी इत्यादि होना पाया गया। खाद्य विभाग की टीम ने मौके से पनीर, क्रीम, तेल के नमूने लिए।

साथ ही 150 किलोग्राम पनीर, 300 किलोग्राम क्रीम एवं 150 किलोग्राम घी शंका के आधार पर जप्त किया गया।

मौके पर खाद्य लाइसेंस की शर्तो का पालन होना नहीं पाया गया। उक्त प्रतिष्ठान को सुधार किए जाने तक बंद कराया गया।

भागीरथपुरा कांड की विस्तृत समीक्षा के लिए राज्य स्तरीय समिति गठित

इंदौर। इंदौर नगर में प्रदूषित जल आपूर्ति के घटनाक्रम की विस्तृत समीक्षा कर निष्कर्ष, सुझाव एवं अनुशंसाएं प्रस्तुत करने के लिए राज्य शासन ने अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन श्री संजय कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समिति का गठन किया है।

सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। समिति में प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री पी. नरहरि, आयुक्त संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री संकेत भोडवे को सदस्य बनाया गया है।

आयुक्त इंदौर संभाग, इंदौर डॉ. सुदाम खाड़े को सदस्य-सचिव नामित किया गया है।

समिति द्वारा भागीरथपुरा इंदौर में घटित घटना के वास्तविक कारणों एवं आवश्यक तथ्यों का परीक्षण करना एवं घटना से संबंधित प्रशासनिक, तकनीकी एवं प्रबंधनगत कमियों का विश्लेषण किया जायेगा।

समिति घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों/कर्मचारियों की जवाबदेही तय करना, भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इस के लिए आवश्यक सुझाव देना और ऐसे अन्य विषय जो जाँच के अधीन मामलों में आवश्यक या आनुषांगिक समझे भी जाँच में शामिल कर सकेगी।

समिति संबंधित विभागों से आवश्यक अभिलेख, प्रतिवेदन एवं जानकारी प्राप्त कर सकेगी तथा आवश्यकता होने पर स्थल निरीक्षण भी करेगी।

समिति द्वारा जाँच प्रतिवेदन यथाशीघ्र किन्तु अधिकतम एक माह के भीतर राज्य शासन को प्रस्तुत किया जाएगा।

सोना-चांदी में आ रही सट्टारूपी भावों की आंधी को रोको सरकार ?

चांदी के भाव तो गजब ही ढा रहे हैं. 10-15 हजार के रोज भाव बढ़ रहे हैं जो जाकर अब एक किलो चांदी के 3 लाख पार हो गए हैं. आगे क्या होगा भगवान् जाने।

ठीक सोने के मूल्य भी 10 ग्राम डेढ़ लाख को कभी भी छू सकते हैं. मेक्स (मल्टी कमोडिटीज एक्सचेंज) को बंद करने की मांग भी जूलरी संगठन ने उठाई है क्योंकि इसी से कतिपय धनाढ्य सट्टेबाज/उद्योगपति कृत्रिम भाव बढ़ा रहे हैं.

जबकि वास्तव में इतने भाव हैं नहीं. इससे छोटे व्यापारी असमंजस्य में पड़े हुए हैं और उन्हें कभी भी भारी घाटा हो सकता हैं. उनकी मांग है कि सोना-चांदी के मूल्य-नियंत्रण वो खुद अपने हाथ में ले. ताकि बढ़ते सट्टा धारी भाव पर कंट्रोल हो सके.

उन्होंने आने वाले बजट में भी इस हेतु नीति बनाने के लिए वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण से मांग की है ताकि छोटे व्यापारियों को भविष्य में होने वाले नुकसान से बचाया .सके. वैसे भी सोना-चांदी के भावों की आंधी को सरकार अपने तरीके से रोके ताकि आम लोग भी राहत पा सकें. .

शकुंतला महेश नेनावा, 57, गिरधर नगर (तिलक नगर के पास), इंदौर (म.प्र.)... फोन..0731-40463261

श्री कान्यकुब्ज विद्या प्रचारिणी सभा का सर्व ब्राह्मण सामूहिक विवाह समारोह 23 जनवरी को

इंदौर । श्री कान्यकुब्ज विद्या प्रचारिणी सभा इंदौर द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बसंत पंचमी 23 जनवरी के पावन अवसर पर सर्व ब्राह्मण सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जा रहा है,इसमें 11 जोडे परिणय सूत्र में बंधेगे।

सभा के अध्यक्ष पं. संजय शुक्ला (पूर्व विधायक) एवं प्रधानमंत्री पं. अनुप बाजपेई (अन्नू) ने बताया कि सभा द्वारा विगत 30 वर्षों से प्रतिवर्ष बसंत पंचमी के अवसर पर सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस हेतु प्रविष्टि प्राप्त करने का सिलसिला जारी है,अभी तक 11 जोड़े की प्रविष्टि का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। आयोजन में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों एवं देश के अन्य राज्यों से भी प्रविष्टियां प्राप्त हुई है।

सामूहिक विवाह आयोजन समिति के श्रीमती राजेश्वरी तिवारी, पं. प्रकाश मिश्रा, पं.रामचंद्र दुबे एवं श्रीमती कुसुम तिवारी ने बताया कि सभा द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में परिणय सूत्र में बनने वाले सभी नव दंपतियों को समाज द्वारा कलर टीवी, अलमारी, दुल्हन के 5 जेवर, दुल्हन की साड़ियाँ, दूल्हे का सूट, पलंग, बिस्तर सेट ,बर्तन सेट ,पंखा सहित गृहस्थी का संपूर्ण सामान उपहार स्वरूप प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम के प्रचार प्रसार एवं मीडिया प्रभारी प प्रकाश बाजपेई ने बताया कि 40 बाई 60 का भव्य मंच 60 बाई 120 का विशाल पंडाल वंदनवारो से सजाया जाएगा।

पॉक्सो एक्ट के आरोपी को मिली जमानत, कोर्ट ने माना आरोपी खुद धोखाधड़ी का हुआ है शिकार, फरियादी ने ही की धोखाधड़ी

इन्दौर। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इन्दौर में जस्टिस सुबोध अभ्यंकर की एकल पीठ ने नाबालिग से विवाह, दुष्कर्म के आरोप के बाद पॉक्सो एक्ट में गिरफ्तार आरोपी के जमानत आवेदन पर सुनवाई करते आरोपी को खुद को भी धोखाधड़ी का शिकार होना मान उसे जमानत दे दी।

आवेदन सुनवाई दौरान कोर्ट ने माना कि मामले में कई तथ्यों को छिपाया गया था। प्रकरण कहानी संक्षेप में इस प्रकार है कि विजय नगर थाने में पॉक्सो एक्ट के तहत 34 वर्षीय व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराते आरोप लगाया गया था कि उसने 15 साल की नाबालिग से विवाह किया। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि एफआईआर में यह भी दर्ज किया गया था कि लड़की की शादी उसके चाचा-चाची ने ही करवाई थी और इस दौरान वह अपने पिता से संपर्क नहीं कर सकी थी। कोर्ट में आरोपी के जमानत आवेदन पर सुनवाई दौरान उसके वकीलों ने दलील दी कि वह स्वयं धोखाधड़ी का शिकार है।

लड़की की उम्र फर्जी आधार कार्ड के माध्यम से 1 दिसंबर 2002 बताई थी और उसका नाम भी बदला था। इसी आधार पर विवाह किया गया था। उन्होंने कोर्ट में विवाह के फोटो और वीडियो भी पेश किए जिसमें लड़की विवाह के दौरान खुशी में नाचती दिख रही है। आरोपी के वकीलों ने कोर्ट को बताया कि फर्जीवाड़े का पता चलते ही उन्होंने राजस्थान के बारां जिले के छीपा बड़ौद थाने में एफआइआर दर्ज करा दी थी। जिसमें बताया था कि लड़की और उसके चाचा-चाची ने न सिर्फ आधार कार्ड में धोखाधड़ी की, बल्कि उससे फोन पे के जरिए 2 लाख 10 हजार रुपए भी लिए। वहीं लड़की ने आरोपी के परिवार को नशीला पदार्थ मिलाकर खाना खिलाया और बाद में जेवर व कीमती सामान लेकर फरार हो गई।

आरोपी के वकीलों ने कोर्ट को यह भी बताया कि फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले सह आरोपी को पहले ही हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है। कोर्ट ने तर्कों से सहमत हो यह मानते हुए कि आरोपी तो खुद ही फरियादी द्वारा धोखाधड़ी का शिकार हुआ है उसका जमानत आवेदन स्वीकार करते जमानत दे दी।

जनवरी के आखिरी में तेज सर्दी का एक और दौर

इंदौर।। मध्य प्रदेश में कड़ाके की सर्दी से थोड़ी राहत मिली है। पिछली दो रात में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री तक बढ़ गया। वहीं, दिन में धूप निकल रही है, लेकिन जनवरी के आखिरी सप्ताह में तेज सर्दी का एक और दौर आ सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी हिमालय पर एक्टिव सिस्टम जब गुजर जाएंगे, तब ठंड बढ़ेगी।वर्तमान में प्रदेश के ऊपर दो सिस्टम है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) और साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से कई जिलों में बादल छा रहे हैं। वहीं, 21 जनवरी को स्ट्रॉन्ग वेस्टर्न डिस्टरबेंस उत्तर-पश्चिमी भारत को प्रभावित कर सकता है। इस वजह से 23 जनवरी से जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान और उत्तरप्रदेश में मौसम बिगड़ सकती है। इस सिस्टम का असर एमपी के उत्तरी हिस्से में देखने को मिल सकता है। ग्वालियर, चंबल, रीवा, सागर संभाग में बादल और बारिश होने के आसार हैं। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, अगले 4 दिन तक कोई अलर्ट नहीं है, लेकिन अगला वेस्टर्न डिस्टरबेंस तीव्र हो सकता है। इसलिए बादल-हल्की बारिश की संभावना है। अगले दो-तीन दिन में स्थिति साफ हो जाएगी।

2,650 करोड़ के जूम डेवलपर्स धोखाधड़ी मामले में 180 करोड़ रुपए की संपत्तियां बैंकों को ईडी से वापस मिली

इन्दौर। विशेष न्यायालय (पीएमएलए) द्वारा जूम डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड (जेडडीपीएल) धोखाधड़ी मामले में बैंकों के पक्ष में 180.87 करोड़ रुपए की संपत्तियों की वापसी के निर्देश देते पारित आदेश पर कार्रवाई करते प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंकों को संपत्तियां वापस दिलाई। ईडी ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के नेतृत्व वाले बैंकों के समूह को 106.5 करोड़ रुपए के बाजार मूल्य वाली 3 कुर्क संपत्तियां और आइडीबीआइ बैंक को 74.37 करोड़ रुपए मूल्य की 21 कुर्क संपत्तियां वापस दिलाई । ये सभी सम्पत्तियां जूम डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले से संबंधित है। बता दें कि 22 बैंकों के समूह से लगभग 2,650 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी से संबंधित इस मामले में सीबीआई ने जूम डेवलपर्स के निदेशकों विजय मदनलाल चौधरी और बिहारीलाल केजरीवाल व अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी जिसके अनुसार जूम डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड (जेडडीपीएल) पर विदेशी कंपनियों को कागजी अनुबंधों के आधार पर सेवा देने के लिए बैंक गारंटी के आधार पर ऋण लेकर अन्य कंपनियों, भारत में ट्रस्टों और विदेशी संस्थाओं को हस्तांतरित करने का आरोप था। ईडी ने जांच पश्चात कार्रवाई करते जूम डेवलपर्स की 180 करोड़ से ज्यादा की संपत्तियों को अटैच किया था जिसकी न्याय निर्णायक प्राधिकरण द्वारा पुष्टि की गई । बैंकों ने इन संपत्तियों की वापसी की मांग का आवेदन किया था जिस पर कार्रवाई करते ईडी ने बैंकों को उक्त संपत्तियां वापस दिलाई।

"झंडा ऊँचा रहे हमारा" अभियान, राष्ट्रीय समूह गीत स्पर्धा में सत्य साईं प्रथम, जीडी गोयनका एवं न्यू दिगम्बर द्वितीय

इंदौर। संस्था सेवा सुरभि, जिला प्रशासन, इंदौर पुलिस, नगर निगम एवं विकास प्राधिकरण की सहभागिता में चलाए जा रहे ' झंडा ऊंचा रहे हमारा ' अभियान के तहत मंगलवार को सुबह जाल सभागृह में शहर के प्रमुख 15 स्कूलों के बच्चों ने राष्ट्रभक्ति से प्रेरित अंतर विद्यालयीन राष्ट्रीय समूह गीत स्पर्धा में अपनी प्रस्तुतियां देकर समूचे सभागृह का माहौल देशभक्ति से ओतप्रोत बनाए रखा।

इन बच्चों के बीच हुई स्पर्धा में पहला पुरस्कार सत्य साईं विद्या विहार, द्वितीय स्थान जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल एवं न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल तथा तृतीय पुरस्कार द एमराल्ड हाईटस इंटरनेशनल स्कूल ने प्राप्त किया। मातुश्री अहिल्या देवी पब्लिक स्कूल एवं सिका सीनियर सेकंडरी स्कूल निपानिया को प्रोत्साहन पुरस्कार दिए गए। सभी प्रतिभागी बच्चों को अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर पर्यावरणविद किशोर पंवार ने तितलियों के बारे में रोचक जानकारियां भी दी। कार्यक्रम में वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक गान भी किया गया।

संस्था सेवा सुरभि द्वारा प्रवर्तित इस अभियान में मंगलवार को जाल सभागृह में गीता रामेश्वरम ट्रस्ट की सहभागिता में देशभक्ति से प्रेरित सुगम गान स्पर्धा का अनूठा आयोजन किया गया, जिसमें निर्णायक के रूप में दीपाली मोहरिल, शीतल अत्रे और संजीव गवते उपस्थित थे।

अतिथि के रूप में समाजसेवी वीरेन्द्र गोयल, गौतम कोठारी, मुकेश पाटीदार एवं शिक्षाविद भावना पुजारी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अरविन्द तिवारी, पर्यावरणविद डॉ. किशोर पंवार, राजेंद्र मालवीय, अनुराग जैन, मुरली धामानी एवं शहर के गणमान्य नागरिक बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए मौजूद रहे।

अतिथियों का स्वागत मोहित सेठ, मोहन अग्रवाल, अनिल गोयल, अशोक मित्तल, रमेश गुप्ता एवं नेमीचंद जैन ने किया।

इस दौरान बच्चों ने 'जय-जय भारत....', 'जन्नत से प्यारा देश हमारा', 'ए मेरे वतन हमको तेरी कसम', 'तिरंगा लहराए भारत का गौरव गाए', 'साँस है जब तलक न रुकेंगे कदम', 'सतरंगी रंगों सा, उज्जवल सा, पावन सा हो देश हमारा', 'हमारा वतन, जान से प्यारा वतन', 'उठे स्वराज के लिए उठे, जगे स्वराज के लिए जगे', 'बिसरे न जीते जी, जननी जन्मभूमि', 'ए मेरे वतन के लोगों', 'तेरे दिल से मेरे दिल तक', 'देश हमें देता है सबकुछ', 'हमारा वहां जान से प्यारा वतन' और वन्दे मातरम सहित अनेक मौलिक और स्वयं के द्वारा अपने संगीत शिक्षकों के मार्गदर्शन में संगीतबद्ध किए गए गीतों की प्रस्तुतियां देकर समूचे सभागृह को अनेक अवसरों पर वंदे मातरम और भारत मां के जयघोष से गुंजायमान बनाए रखने पर बाध्य कर दिया।

प्रारंभ में कार्यक्रम के सूत्रधार संजय पटेल ने कहा कि यह खास आयोजन बच्चों के लिए इसीलिए किया जाता है कि बच्चों में भी देश प्रेम का भाव आए और वे आने वाले कल को और अधिक खूबसूरती से लिख सकें।

उन्होंने बच्चों को समझाईश भी दी कि वे गीतों की प्रस्तुति के समय क्या-क्या सावधानियां बरतें। अब गैर फिल्मी गीतों के साथ हिन्दी की श्रेष्ठ कविताओं को भी इस स्पर्धा में जगह मिलने लगी है, यह प्रसन्नता की बात है। बच्चों की अगवानी संस्था की ओर से ओमप्रकाश नरेड़ा, मोहित सेठ, कमल कलवानी, चांदमल जैन, गोविंद मंगल ने की।

कार्टून कोना...